# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

## संरचना प्रमण्डल संख्या-1 भवन निर्माण विभाग, पटना

पत्रांक-............... पटना/दिनांक-......../........./2022

प्रेषक,

गौतम कुमार,
कार्यपालक अभियंता,
संरचना प्रमण्डल संख्या-1,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

सेवा में,

Muralage,
A-3/269, Vaibhav Khand, Gomti Nagar,
Lucknow, U.P.-226010.

विषय:- Construction of Bihar Animal Science University, Patna के निर्माण कार्य की प्रगति GFC अनुमोदित नक्शों के आभाव की स्थिति में DEBAR करने के संबंध में।

प्रसंग:- मुख्य अभियंता (पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-1901 अनु० दिनांक-16.12.2022, इस कार्यालय के पत्रांक-1678 अनु० दिनांक-25.11.2022, पत्रांक-1576 अनु० दिनांक-09.11.2022 एवं एकरारनामा सं०-Consultant Fee Agreement No.-1/2019-20 एवं मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-1107 (नि०) दिनांक-22.11.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में कहना है कि पूर्व में इस कार्यालय के पत्रांक-1678 अनु० दिनांक-25.11.2022 द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य से संबंधित निरूपण नक्शों को अनुमोदन हेतु मुख्य अभियंता (निरूपण), भवन निर्माण विभाग, पटना कार्यालय में उपलब्ध कराने के क्रम में स्थिलता वरतने के कारण क्यों ना आप पर एकरारनामा अनुसार दण्डात्मक कार्रवाई किया जाय साथ ही DEBAR करने की अनुशंसा की जाय अर्थात कारण बताओं Notice आपको उपलब्ध कराया गया था जिसका वर्त्तमान समय तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में नियमानुसार जबाव अप्राप्त है जोकि कार्य के प्रति लापरवाही को दर्शाता है एवं खेद का विषय है।

ज्ञातव्य हो कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा दूरभाष एवं पत्र के माध्यम से अनेकों बार GFC अनुमोदित आरेखन उपलब्ध कराने हेतु आपको निदेशित किया जाता रहा है परन्तु आपके द्वारा आरेखन के उपलब्धता में अभिरूचि नहीं दिखाया जा रहा है जिस कारण विषयांकित महत्वपूर्ण निर्माण कार्य योजना के क्रियान्वयन में अवरोध उत्पन्न हो रहा है साथ ही प्रगति नगण्य है। यह भी सूचित करना है कि विभागीय स्तर से संपन्न समीक्षात्मक बैठकों में बारंबार कार्य से संबंधित यथाशीघ्र GFC आरेखन उपलब्ध कराने हेतु आपको निदेशित किया जाता रहा है परन्तु वर्त्तमान समय तक उपरोक्त निदेशों का आपके द्वारा सही स्तर से अनुपालन नहीं किया जाता है अर्थात अवहेलना किया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि पूर्व में इस कार्यालय के पत्रांक-1576 अनु० दिनांक-09.11.2022 द्वारा दिनांक-12.10.2022 को संयुक्त सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपर सचिव, पशु एवं मत्स्य विभाग, पटना की अध्यक्षता में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के निर्माण कार्य योजना अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा की कार्यवाही की कंडिका-3 में साफ तौर से आपको निदेशित किया गया था कि कार्य से संबंधित GFC आरेखन कार्यकारी संवेदक को उपलब्ध कराने के क्रम में परियोजना संबंधित निर्गत होने वाले सभी GFC Drawings की उपलब्धता एवं सूचि एक सप्ताह के अन्दर विभाग में समर्पित किया जाय साथ ही कार्य से संबंधित GFC Structural आरेखनों को भवन निर्माण विभाग एवं NIT, Patna को (Vetting हेतु) उपलब्ध

P.T.O......

कराने हेतु एक निश्चित समय सीमा (एक सप्ताह) के अन्दर उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया था परन्तु आपके स्तर से उक्त निदेशों का अनुपालन नहीं किया गया जोकि खेद का विषय है। उक्त के परिप्रेक्ष्य में यह भी सूचित करना है कि कार्यकारी संवेदक द्वारा बारंबार GFC अनुमोदित आरेखनों की पत्र के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से माँग किया जाता रहा है साथ ही कार्य में हो रहे विलंब का मुख्य कारण GFC आरेखन का उपलब्ध नहीं होना बताया जाता रहा है।

अत: उक्त के परिप्रेक्ष्य में कार्यहित में आपके द्वारा वर्णित परामर्शी कार्य में अभिरूचि नहीं लेने एवं एकरारनामा में निहित सुसंगत निदेशों का अनुमापलन नहीं करने के एवं विषयांकित महत्वपूर्ण निर्माण कार्य योजना में GFC अनुमोदित आरेखनों का ससमय उपलब्ध नहीं कराने के कारण कार्य की प्रगति नगण्य होने की स्थिति फलस्वरूप पत्र निर्गत की तिथि से दो माह के लिये अगले किसी निविदा में भाग लेने से DEBAR किया जाता है साथ ही यह भी निदेशित किया जाता है कि अविलंब कार्य से संबंधित सभी GFC आरेखनों की उपलब्धता का एक Timeline Schedule एवं Work Plan अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्ति करें।

कृपया इसे अति आवश्यक समझा जाय।

अनु०- यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह०/-
(गौतम कुमार)
कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या-1
भवन निर्माण विभाग, पटना।

ज्ञापांक-1838.        पटना/दिनांक-20/12/2022

प्रतिलिपि: IT Manager, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/12/22

कार्यपालक अभियंता
संरचना प्रमण्डल संख्या-1
भवन निर्माण विभाग, पटना।